

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विवाह पंचमी के अवसर पर अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा श्री राम विवाह उत्सव पर आयोजन मंगलवार को किया गया। इस वर्ष विवाह पंचमी के पर नगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में परिषद और रघुवंशी समाज सहित अन्य समाजों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह श्री राम मंदिर में पूजन और छप्पन भोग प्रसाद के साथ हुई। परिषद की सदस्याओं ने पारंपरिक परिधानों में बारात को नेतृत्व प्रदान किया। बारात में भगवान राम और माता सीता की सुंदर झाँकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं, ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर महिलाएं नाचते-गाते चल रहीं थे। मार्ग में जगह-जगह अलग-अलग संगठनों और समाज सेवियों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ाना है, बल्कि समाज को भगवान राम और माता सीता के आदर्श दांपत्य जीवन से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि विवाह पंचमी पर आयोजित इस समारोह के एक दिन पूर्व हल्दी, मेंहदी और मंगल गीतों का भी भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सीता-राम विवाह की रस्मों का मंचन किया गया, जिसमें धनुष यज्ञ और वरमाला का आयोजन भी हुआ। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। विवाह उत्सव के अंत में भगवान राम और माता सीता की महाआरती की गई और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद की जिलाध्यक्ष ने सफल और भव्य आयोजन के लिए परिषद और समाज की सभी महिलाओं और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## शहर में पहली बार निकली श्रीराम बारात

### विवाह पंचमी के अवसर पर अभा रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद ने किया आयोजन





## बेटे को न्याय दिलाने पिता ने कलेक्ट्रेट में भरे पैढ़

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन**

**आवेदक बोला चुनावी रंजिश का ले रहे बदला**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बेटे पर थाने में हुई एफआईआर के विरोध में उसके पिता द्वारा पैढ़ भरकर एफआईआर को गलत बताते हुए इसका विरोध किया। साथ ही एक आवेदन एएसपी को सौंपकर मामले में संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई। कलेक्ट्रेट पहुंचे कृपाराम ने बताया कि उसने अपने गांव की गौशाला की शिकायत ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्टर से की थी। जिसके बाद कलेक्टर ने एक्शन लिया और उसके बाद गौशाला का संचालन करने वाले व्यक्ति ने अध्यक्ष पद से सालिकराम इस्तीफा दे दिया। इसके बाद सालिगराम ने मेरे बेटे देवेंद्र पर अपनो से मिलकर झूठी एफआईआर दर्ज करा दी। वहीं जिस समय की एफआईआर दर्ज की गई है उस समय तो मेरा बेटा मौके पर हीं नही था, लेकिन पुलिस ने हमारी नहीं सुनी दूसरे पक्ष की सुनते हुए एफआईआर दर्ज कर ली।

**विधानसभा में मांगा था टिकिट, चुनावी रंजिश का बदला:** कलेक्ट्रेट में बेटे के लिए न्याय मांगने के लिए उसके पिता कृपाराम यादव ने बताया कि वह ग्राम खोकसी का मूल निवासी है, तो वहीं विगत विधानसभा चुनाव में उन्होंने विधायक पद के लिए टिकिट मांगा था। तो वहीं सरपंची की चुनाव में पूर्व की रंजिश होने की बजह से उनके बेटे के खिलाफ पुलिस ने राजनैतिक दबाब में आकर रिपोर्ट लिखी, जो कि पूर्णतः झूठी है। उन्होंने एएसपी को आवेदन देते हुए मामले में संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच किये जाने की मांग की है।

## एक नजर में



### बालक-बालिकाओ को किया जागरूक

**चंदेरी।** मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना चंदेरी के द्वारा बालक-बलिकाओ को समाज में हो रहे अपराध के बारे में समझाईस देकर जागरूक किया और जागरूकता के लिए हाथों में संदेश वाली तख्तियां लेकर रेलिया भी निकाली गई। कार्यक्रम के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के दो दर्जन से अधिक सरकारी और प्राईवेट स्कूलों में पुलिस द्वारा मंगलवार को बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा, अधिकार और साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी मनीष जादौन ने बताया की पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकार और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई जिनमें महिला संबंधी अपराध और मानव तस्करी, गुड टच-बैड टच और बाल सुरक्षा उपाय, साइबर क्राइम से बचाव, भारतीय न्याय संहिता की नई धाराएं, आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर। इस दौरान एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### मुस्कान अभियान के तहत बगुल्या में बच्चों की जागरुकता रैली संपन्न

**शाढ़ौरा।** ग्राम बगुल्या में मंगलवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय बगुल्या एवं शासकीय हाई स्कूल बाहुल्या के संयुक्त तत्वावधान में मुस्कान अभियान रैली का आयोजन किया गया। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों को हाई स्कूल परिसर में एकत्रित कर रैली की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व हाई स्कूल की प्राचार्य रूफीना इक्का, उप निरीक्षक संध्या रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक चंद्रपाल नामदेव, प्रधान आरक्षक योगेश भार्गव, माध्यमिक विद्यालय बगुल्या के प्राचार्य रमेश चंद्र अहिरवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामरती रघुवंशी, आंगनवाड़ी के नन्हे बच्चों तथा समस्त स्कूल स्टाफ ने मिलकर किया। उल्लेखनीय है कि मुस्कान अभियान के तहत छात्रों में सुरक्षा, जागरूकता और सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज मंगलवार को रैली निकाली गई। लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। रैली के दौरान बच्चों ने जागरूकता संबंधी संदेश देते हुए पूरे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनाया।



### ऑपरेशन मुस्कानः बच्चों को जागरुक करने पहुंची पुलिस

**मुंगावली।** मुस्कान अभियान के तहत मंगलवार को शा. एकीकृत मा. विद्यालय बरखेड़ा (पिपरई) में छात्रों के लिए एक विशेष जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को लापता होने के खतरों और परिवार के महत्व के बारे में जागरूक करना था। जिसमे पिपरई थाने से मुख्य वक्ता कुशवाहा ने अभियान के उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि ऑपरेशन मुस्कान एक समर्पित पुलिस पहल है। जिसका लक्ष्य लापता बच्चों को ढूंढना, सुरक्षित बचाना और उनका पुनर्वास कर उन्हें उनके परिवारों से मिलाना है। कहा कि यदि किसी कारणवश वे अपने माता-पिता से रूठ जाते हैं, तो उन्हें घर छोड़कर नहीं भागना चाहिए। ऐसा करना न केवल उनके लिए बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी गंभीर मानसिक और कानूनी परेशानी पैदा करता है। वहीं कहा कि सभी बच्चों को कम से कम मोबाइल का उपयोग करना चाहिए और बहुत जरूरी होने पर मां बाप से पूछ कर उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के जीवन को संवारने में परिवार के महत्व और शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## एक व्यापारी ने हाथ खींचे तो ठप्प हुई मंडी में डाक बोली

### तहसीलदार की समझाइश के बाद फिर से शुरू हुई नीलामी

**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर।** करीबन पांच वर्ष पूर्व स्थापित हुई कृषि उप मंडी में इन दिनों मक्का की आवक जमकर हो रही है। प्रतिदिन पांच सौ ट्रॉली मक्का मंडी में पहुंच रही है। जिसकी डाक बोली मंगलवार को उस समय ठप्प पड़ गई जब गल्ला व्यापारी फर्म जितेंद्र कुमार शरद कुमार द्वारा डाक बोली से हाथ खींच लिए गए। इसके बाद जो व्यापारी डाक बोली में पहुंचे उन्होंने मक्का के भाव बेहद कम लगाए। जिससे किसान आक्रोशित हो गए और हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार साहिर खान एवं थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी व्यापारियों को बुलाकर मंडी प्रशासन के प्रतिनिधि के समक्ष समझाइस दी कि डाक बोली में सभी व्यापारी हिस्सा लें। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के दौर के बाद उक्त फर्म डाक बोली में शामिल हुई, जिसने पांच सौ में चार सौ ट्रॉली मक्का के सबसे ऊंचे भाव दिए।



बताया गया है कि मंडी में होने को तो दस फर्म पंजीकृत हैं लेकिन दो तीन व्यापारियों को छोड़कर कोई भी व्यापारी उपज के माकूल भाव नहीं देता। कई व्यापारी तो डाक बोली में शामिल तक नहीं होते। मंडी में अच्छे भाव मिलने से किसान अवैध व्यापारियों को उपज नहीं बेच रहे हैं। ऐसे में पिछले आठ सीजनों में मंडी की आवक का 80 फीसदी उपज खरीदने वाली फर्म जितेंद्र कुमार शरद कुमार की कुछ व्यापारियों ने झूठी शिकायत प्रशासन से कर दी। जब मंडी प्रशासन ने उक्त फर्म को नोटिस निकाला तो व्यापारी डाक बोली में शामिल नहीं हुआ और मंडी ठप्प हो गई थी।

**मंडी में अव्यवस्था फैला रहे असामाजिक तत्व:** उप मंडी में डाक बोली कराने वाले मंडी कर्मचारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व हैं जो मंडी में अव्यवस्था फैला रहे हैं। यह तत्व कभी किसानों को बरगला कर तो कभी प्रशासन के समक्ष झूठी शिकायतें कर डाक बोली को प्रभावित कर रहे हैं। जबकि यह उप मंडी जिले की कई मंडियों से अधिक राजस्व प्रदान कर रही है।

**बंद हुई अवैध खरीदी तो तिलमिलाए व्यापारी:** बता दें कि जब उप मंडी चालू नहीं थी तो कस्बे में करीब एक दर्जन से अधिक अवैध गल्ला व्यापारी सक्रिय थे। जो किसानों की उपज को औने पौने भाव खरीद कर मंडी को राजस्व का चूना लगाते थे। मंडी चालू होने के बाद इनका व्यापार ठप्प हो गया। फिर जब प्रशासन ने नकेल कसी तो यह अवैध व्यापारी लाइसेंस बनवाकर डाक बोली में भाग लेने लगे लेकिन उपज का बेहतर भाव नहीं दे पाने से इनका कारोबार ठप्प ही रहा। अब अवैध खरीदी बंद होने से ऐसे व्यापारी तिलमिलाए हुए हैं और मंडी ठप्प कराना चाहते हैं।

**इनका कहना है**

*हम आज दो घंटे मंडी में रुककर सारी चीजें समझ कर आए हैं। एक दो व्यापारी ही उपज का सही भाव दे रहे हैं। मंडी में फड़ नहीं होने से थोड़ी समस्या आ रही है। अव्यवस्था फैलाने वालों को प्रशासन द्वारा चिन्हित किया जा रहा है।*

**साहिर खान, तहसीलदार बहादुरपुर**

### कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मगंलवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत को दिए गए। उन्होंने ओपीडी, एनआरसी, महिला/पुरूष वार्ड सहित विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ठंड को दृष्टिगत रखते हुए सभी वार्डों में आवश्यक व्यवस्थाएं वार्डों की खिड़कियों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहे।

## मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट उत्पादों ने नई दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में जमाया अपना रंग

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** आईआईटीएफ न्यू दिल्ली प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मध्य प्रदेश पवेलियन का दौरा अन्तर सिंह आर्य अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मंगलवार को किया गया। जिसमें अध्यक्ष अन्तर सिंह आर्य ने जिले के लाडली बहना स्व सहायता समूह स्टाल का अवलोकन कर जिले में हो रहे हैंडलूम पर निर्मित चंदेरी साड़ी शूट्स की प्रशंसा करते हुए दिल्ली के लोगों को उसकी खासियत से अवगत करवाया। मध्य प्रदेश पवेलियन में मध्य लगभग 20 से 25 स्टाल लगाए गए हैं, जिसमें स्वदेश अपनाओ को लेकर काफ़ी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं वोकल फॉर लोकल प्रदेश के उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शनी के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है। मध्य प्रदेश का नाम की दिल्ली में



धूम मची है जिसमें अशोक नगर जिले के लाडली बहना स्वयं सहायता समूह के द्वारा हथकरघा पर प्योर सिल्क बाय कॉटन की चंदेरी साड़ी शूट्स शाजापुर की साडी भैरवगढ़ का बटिक प्रिन्ट महेश्वर चंदेरी की साड़ी देवास का लेदर पर्स बुधनी के लकड़ी के खिलौने ग्वालियर की गजक, पड़ाना राजगढ़ के हैंडलूम की बेडसिटस बेडकवर को दिल्ली में खूब पसंद किया जा रहा है इस अवसर बी एल तिवारी, विनोद वर्दे, सिटी मास्टर नितिन तिवारी सीहोर, देवीलाल सोरास्ट्रीय जितेंद्र मालवीय जावेद अंसारी, मोहम्मद मुजम्मिल अंसारी सावेश अंसारी आदि मौजूद रहे।

## बूथ पर सजग रहकर SIR में करें सहयोग : खरे

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** संगठनात्मक प्रवास पर आए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी डॉक्टर निशांत खरे ने मंगलवार को स्थानीय राजश्री होटल में जिला भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं से परिचय एवं संगठनात्मक चर्चा की। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर खरे ने कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सजग रहकर एस आई आर के काम में सहयोग करें, अपने बूथ के मतदाताओं की पहचान बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को अच्छे से होती है। जब भाजपा कार्यकर्ता उनका सहयोग करता है, तो वह पार्टी से



जुड़ते हैं। इसलिए पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सजग रहकर एस आई आर के काम सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस काम में कोई भी व्यक्ति जो वास्तविक मतदाता है वह छूट न पाए। गलत मतदाता का नाम शामिल न हो पाए। इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ने किया एवं आभार जिला महामंत्री डॉक्टर शीला जाटव ने व्यक्त किया कार्यक्रम उपरांत नए मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी तथा जितेंद्र यादव का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी मुंगावली विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी गजराम सिंह यादव लड्डू राम कोरी पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जैन एडवोकेट जयकुमार सिंघई उमेश रघुवंशी नारायण प्रसाद शर्मा एवं सभी मंडल अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्रवाई** — **ईट और तारफेंसिंग से कर रखा था अतिक्रमण**

## प्रशासन ने करोड़ों की शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाहीं की जा रहीं है। तो वहीं प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी के निर्देशन में राजस्व विभाग और पुलिस महकमे द्वारा करीब दस करोड़ की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन का सहयोग लिया, जिसमें पलभर में निर्माणाधीक्ष बिल्डिंग को जमीदौज कर दिया। साथ ही ईट से बनी वाउड्रीवॉल को धरासाई करते हुए अतिक्रमण हटाया।

दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार न्यायालय तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 0010/अ-68/2025-26 के क्रम में मंगलवार को ग्राम टकनेरी स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक



39, 40, 41, 51 कुल शासकीय भूमि 10 वीघा पर से अतिक्रामक पवन कुमार पुत्र वजीरचंद छावडा निवासी अशोकनगर द्वारा तारफेंसिंग, ईंट की दीवार बनाकर, सीमेंट के पिलर खडे करके एवं फसल बुबाई कर किया गया, अवैध अतिक्रमण मौके पर से अशोकनगर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेंदू यादव सहित राजस्व व पुलिस अमले के साथ जाकर शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। उक्त शासकीय भूमि का बाजारू मूल्य लगभग 10 करोड रूपये है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 267 आवेदनों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 267 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, नगरीय निकाय, श्रम, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि, विद्युत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम विजयपुरा निवासी सतेन्द्र यादव द्वारा छूटे हुए खसरा दर्ज कराए जाने, ग्राम भरका निवासी प्रियंका अहिरवार द्वारा प्रसूति सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम बडेरा निवासी गोरेलाल कुशवाह द्वारा पट्टा दिलाए जाने, ग्राम बीलाखेड़ी निवासी मुन्नीबाई द्वारा सीमांकन कराए जाने, ग्राम बमूरिया निवासी लक्मीबाई द्वारा पीएम आवास दिलाए जाने, ग्राम बिजौरी निवासी मदनसिंह द्वारा पटवारी द्वारा नामांतरण कराए जाने, ग्राम तरावली निवासी मुन्नीबाई द्वारा फौती नामांतरण कराए जाने, ग्राम सोवत निवासी सुनीता द्वारा भूमि पर कब्जा हटवाए जाने एवं सीमांकन कराए जाने, ग्राम सियार निवासी किशनबाई द्वारा राशन सामग्री दिलाए जाने, ग्राम बडेरा निवासी नथनसिंह द्वारा पट्टा दिलाए जाने, ग्राम विजयपुरा निवासी रामप्रसाद द्वारा सीमांकन कराए जाने, ग्राम रातीखेड़ा निवासी गायत्री देवी द्वारा बंद रास्ता खुलवाए जाने सहित अन्य मांग सामने आई।